## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी में जप्त मूंगफली की हुई नीलामी

**भुआबिछिया।** कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला में मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधान के अनुसार जप्तशुदा मूंगफली दाना वजन लगभग 350 क्विंटल की नीलामी आज सम्पन्न हुई जिसके लिए कुल 11 व्यापारियो ने अमानत राशि 50000/- (प्रत्येक) कार्यालय में जमा कर खुली नीलामी में भाग लिया आज दिनांक 13.जनवरी 2026 को जप्तशुदा मूंगफली दाना की खुली नीलामी संयुक्त संचालक आंचलिक कार्यालय जबलपुर शाहिद खान व भारसाधक अधिकारी के निर्देशन में व तहसीलदार बिछिया शंकर मरावी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि गौतम एवं बिछिया मंडी सचिव कन्हैया सिंह मरकाम की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई जिसमें सर्वाधिक मूल्य 8001 रुपए प्रति क्विंटल की बोली फर्म राम कैलाश गिरधर कुमार जो कि नैनपुर मंडी के पंजीकृत अनुज्ञप्ति धारी हैं, के प्रतिनिधि गिरधर खंडेलवाल के द्वारा लगाई गई, जिस पर विक्रय की सहमति सचिव कृषि उपज मंडी समिति बिछिया द्वारा दी जाकर नीलामी प्रक्रिया संपूर्ण की गई।

### कुम्भ स्थल पर आयोजित होगा पारंपरिक खेल उत्सव


**मण्डला।** आनंदम, जनजातीय कार्य विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में पारंपरिक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर कुम्भ स्थल में आयोजित होने वाले इस उत्सव में पतंग प्रतियोगिता के साथ-साथ पारंपरिक रस्साकसी एवं गिल्ली डंडा के खेलों का भी आयोजन किया जायेगा। पारंपरिक खेल उत्सव में चायनीज मांझे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

## लोग लगायेंगे आस्था की डुबकी, होगा तिल का दान

# आज और कल भरेगा संक्रांति का मेला

* नगर भर में विभिन्न आयोजनों की रहेगी धूम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदा घाटों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है इस अवसर पर न केवल जिले से बल्कि आसपास के अन्य जिलों के भी श्रद्धालुजन मण्डला आते हैं और श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं। अलसुबह से ही श्रद्धालुजन नर्मदा घाटों में पहुंचकर माँ नर्मदा के जल में स्नान कर पूजन अर्चन करते हैं और फिर अन्न एवं तिल का दान करते हैं इस मौके पर बहुत से समाजसेवी एवं विभिन्न संगठन के लोग इनकी सेवा में चाय एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करते भी दिखाई देते हैं बहुत से परिवार इस मौके पर स्नान के बाद नर्मदा किनारे ही खिचड़ी बनाकर उसका भोग लगाते हैं लोगों को खिलाते हैं और स्वयं भी सेवन करते हैं।

### होगा पतंग उत्सव एवं खेलेंगे गिल्ली डंडा

आनंदम, जनजातीय कार्य विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में पारंपरिक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर कुम्भ स्थल में आयोजित होने वाले इस उत्सव में पतंग प्रतियोगिता के साथ-साथ पारंपरिक रस्साकसी एवं गिल्ली डंडा के खेलों का भी आयोजन किया जायेगा। पारंपरिक खेल उत्सव में चायनीज मांझे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

### मकर संक्रांति पर्व के दौरान यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 14 एवं 15/1/2026 को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। माहिष्मति घाट एवं संगम घाट महाराजपुर मे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आने की संभावना है इस अवसर पर सुरक्षा एवं सुगम यातायात की दृष्टि से पार्किंग एवं डायवर्सन व्यवस्था इस प्रकार रहेगी।

### यहां से परिवर्तित होंगे मार्ग

पौड़ी रेलवे क्रॉसिंगः- बम्हनी नैनपुर से जबलपुर, मंडला शहर की ओर आने वाले समस्त वाहन पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग तिराहा से आरटीओ कार्यालय, पुर्वा, प्रथम ढाबा होकर हाईवे से आएंगे जाएंगे ।

**आंगन तिराहा** :- घंसौर रोड से जबलपुर, डिडौरी व मंडला शहर आने वाले वाहन आंगन तिराहा से बजरंग चौक, पौड़ी, आरटीओ कार्यालय, पुरवा होकर हाईवे से आएंगे जाएंगे।

**कारीकोन तिराहा**:- मंडला शहर एवं जबलपुर की ओर जाने वाले समस्त वाहन आंगन तिराहा, बजरंग चौक, पौड़ी, आरटीओ कार्यालय पुरवा होकर जाएंगे ।

**नेहरू स्मारक तिराहा**:- शहर से महाराजपुर की ओर जाने वाले दो पहिया वाहन झूला पुल रास्ते से एवं चार पहिया वाहन चिलमन चौक से पड़ाव आमानाला हाईवे से होकर जाएंगे।

**बिंझिया तिराहा**:- महाराजपुर की ओर जाने वाले समस्त वाहन बिंझिया तिराहा से चिलमन चौक, पड़ाव रोड, आमानाला हाईवे से होकर जाएंगे।

**योजना भवन तिराहा**:- महाराजपुर की ओर जाने वाले वाहन झूला पुल रास्ते से होकर जाएंगे।

**कटरा बाईपास हाईवे**:- महाराजपुर, घंसौर, नैनपुर और बालाघाट जाने वाले फोर व्हीलर और समस्त प्रकार के भारी वाहन हाईवे से होकर प्रथम ढाबा , पूर्वा , किंगफिशर होते हुए जाएंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

**पुलिस लाइन मैदान**:- महिष्मति घाट में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्क होंगे ।

**योजना भवन के सामने**:- महिष्मती घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के चार पहिया वाहन पार्क होंगे।

**सर्किट हाउस परिसर**:- माहिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं के फोर व्हीलर वाहन पार्क होंगे।

**होमगार्ड कार्यालय ग्राउंड** :- महिष्मती घाट आने वाले सभी श्रद्धालुओं के फोर व्हीलर वाहन पार्क होंगे।

**रेस्ट हाउस ऐरीकेशन परिसर**:- महिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं के दो पहिया वाहन पार्क होंगे ।

**ऑफीसर मैस परिसर**:- समस्त दो पहिया वाहन पार्क होंगे।

**कुंभ स्थल मैदान**:- महाराजपुर तरफ से माहिष्मती घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग होगी । दादा धनीराम आश्रम से आगे बड़े पुल के ऊपर से वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

**वर्धमान लॉन (कारीकोन तिराहा) पार्किंग**:- महाराजपुर, घागा -घागी की ओर से कुंभ स्थल एवं माहिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं के समस्त प्रकार के चार पहिया व दो पहिया वाहन पार्क होंगे।

**संगम घाट हेतु पार्किंग( हेलीपैड मैदान)**:- संगम घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहन संगम तिराहा से प्रवेश कर हेलीपैड मैदान में पार्क होंगे । बजरंग चौक से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**नोट**:- मकर संक्रांति पर्व के दौरान शहर मे समस्त प्रकार के भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे एव घंसौर- नैनपुर मार्ग की बसें पड़ाव रोड से होकर नेशनल हाईवे से आवागमन करेंगे।

**कृपया समस्त श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अनुरोध है कि मकर संक्रांति पर्व के दौरान सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने का कष्ट करें।**

## संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक चार चरणों में चलेगा



* शासन की 106 योजनाओं का पात्र व्यक्ति को मिलेगा लाभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्य शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के समाधान और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रदेश भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अभियान की रूपरेखा एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के सफल संचालन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान चार चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र की सभी पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुसार कैम्प लगाकर आमजनता के आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्डों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। प्राप्त सभी आवेदनों को नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

अभियान के दूसरे चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक ग्राम पंचायत क्लस्टर और नगरीय निकायों में शिविर लगाकर आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी जायेगी। निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जायेगी। अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इसमें ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जायेगा। चौथे चरण में 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शिविर लगाकर योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये जायेंगे। संकल्प से समाधान अभियान में शासन की 106 प्रकार की योजनाओं की जानकारी और पात्र हितग्राहियों को हितलाभ के लिए चयन किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



## मकर संक्रांति के मेले स्थल का जनपद सीईओ ने किया निरीक्षण.................................

**नारायणगंज।** मकर संक्रांति 14 एवं 15 जनवरी को मनाई जाना है कुंभौश्वरभघाट ग्राम पंचायत कुंभा में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति का मेला पावन नर्मदा घाट कूमा में मकर संक्रांति का मेला का आयोजन है जिसमें आसपास जगह के श्रद्धालु जन मां नर्मदा के स्नान के लिए सुबह से ही भीड़ उमर पड़ती है पंचायत द्वारा जगह-जगह व्यवस्था की जा रही है अधिक भीड़ देखते हुए पुलिस प्रशासन एवं पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा आने वाले लोगों की व्यवस्था की जाती है इस मेले में बबलिया निवास बीजाडांडी कालपी आदि जगह से लोग यहां आते हैं दो दिवसीय मेला में जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया जाता है एवं लोग यहां पर विशेष पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ लेते हैं इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार मरावी एवं पंचायत के सरपंच अखिलेश मरावी सचिव दीपचंद साहू एवं पंचायत के सभी पंचो के द्वारा एवं गांव के लोगों के द्वारा मिल रहा सहयोग जनपद सीईओ ने मौके में आकर निरीक्षण किया।



## बिछिया बांध डूब क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं के प्रयोग के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन....



**भुआबिछिया।** दिनांक 13/01/25 दिन मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व के नाम से जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के कारण अब तक 21 निर्दोष लोगों को जान गंवानी पड़ी है। ऐसी स्थिति बिछिया में न बन पाए इस कारण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने जनहित में ज्ञापन सौंपा। बिछिया बांध जिससे नगर परिषद क्षेत्र बिछिया के 15 वार्डो में पानी सप्लाई होती है, यह बांध बिछिया जलापूर्ति का एक मात्र साधन है। डूब क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने कृषकों को भूमि कृषि कार्य हेतु लीज पर दी गई है, इन कृषकों के द्वारा अत्यधिक कीटनाशक का प्रयोग किया जा रहा है जिसके कारण बांध का पानी जहरीला हो रहा है। इस पर रोक लगाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जोश सिंह ठाकुर, टेकराम राय, झुन्ना ठाकुर, रागिनी परते अक्षत झारिया उपस्थित रहे।

**प्रीमियर लीग** | **खेल के मैदान पर दिखा खाकी का जोश।**

# पुलिस प्रीमियर लीग का हुआ भव्य शुभारंभ

* फिटनेस और टीम-भावना का संदेश।

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस विभाग की व्यस्त दिनचर्या, मानसिक तनाव और निरंतर ड्यूटी के दबाव के बीच पुलिसकर्मियों को स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन ग्राउंड में "मंडला पुलिस प्रीमियर लीग 2026" का रंगारंग शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, कमांडेंड 148वीं वाहिनी विक्रांत सारंगपांणी, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। आयोजन ने पुलिस बल के भीतर खेल भावना, फिटनेस और अनुशासन को नई ऊर्जा देने का काम किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। साथ ही टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों के लोगो एवं टीम टी-शर्ट का भी विमोचन कर प्रतियोगिता को विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि पुलिस बल 24 घंटे समाज की सुरक्षा के दायित्व का निर्वहन करता है। ऐसे में विभाग द्वारा आयोजित यह प्रीमियर लीग एक सराहनीय पहल है, जिससे पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त होने के साथ-साथ स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल फिटनेस बनाए रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने यहाँ शामिल होने वाली टीमों के खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपनी टीम की टैगलाइन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक संदेश देने का भी प्रयास करें। हर एक टीम की अपनी एक टैगलाइन होनी चाहिए। जैसे नशे से दूरी है जरूरी, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट जरूर लगाएं आदि। उन्होंने टीम के कप्तानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लीग के सेमीफाइनल और फाइनल मैच में खेलने वाली टीम की टैगलाइन की होर्डिंग और डिस्प्ले बोर्ड लगवाए जाएँगे। शुभारंभ मैच बिछिया अनुभाग और निवास अनुभाग के मध्य खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा टॉस कराकर विधिवत खेल की घोषणा की। इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मैदान पर क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और खेल को प्रोत्साहित किया। इसके बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने टॉस कराकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारम्भ किया तथा बिछिया अनुभाग एवं निवास अनुभाग की टीमों से परिचय प्राप्त किया। आज आयोजित प्रथम मैच बिछिया अनुभाग एवं निवास अनुभाग के मध्य खेला गया, जिसमें बिछिया अनुभाग की टीम विजयी रही।



ग्रुप ए में मंडला मुख्यालय, बिछिया अनुभाग, निवास अनुभाग, हॉक-01 तथा सीआरपीएफ 148 बटालियन मुख्यालय और ग्रुप बी में मंडला अनुभाग, नैनपुर अनुभाग, हॉक-02, होमगार्ड मंडला तथा एसएएफ 35 बटालियन सहित कुल 10 टीम शामिल है। कार्यक्रम में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी, एसडीओपी निवास पीएस वालरे, जिला खेल अधिकारी विकास खराड़कर, डीएसपी महिला सुरक्षा सतीश चतुर्वेदी, सीआरपीएफ प्रमोद कुमार यादव सहित पुलिस विभाग का अमला और खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## चाइनीज़ माँझे का उपयोग पतंगबाजी के दौरान नहीं करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा जिले के सभी नागरिकों से विनम्र अपील है कि पतंगबाजी के दौरान चाइनीज़ माँझे का उपयोग बिल्कुल न करें। यह बहुत ख़तरनाक है इससे पक्षियों, बच्चों, राहगीरों एवं वाहन चालकों को गंभीर चोट पहुँचने की आशंका रहती है।

त्यौहारों की खुशियाँ किसी के लिए दुख का कारण न बनें, इसलिए सभी लोग सुरक्षित एवं मानक सूती माँझे का ही उपयोग करें। बच्चों को भी पतंग उड़ाते समय सावधानी बरतने, छतों व ऊँचाई वाले स्थानों पर सुरक्षित व्यवस्था रखने तथा सड़क किनारे पतंगबाजी नहीं करे। जिले में चाइनीज़ माँझे की बिक्री, भंडारण एवं उपयोग प्रतिबंधित है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर चाइनीज मांझे के विरुद्ध सख्ती, पतंग दुकानों की जांच



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर के पड़ाव एवं इलाही चौक क्षेत्र में पतंग विक्रेताओं की दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान तहसीलदार श्री हिमांशु भलावी द्वारा चाइनीज़ मांझे के विक्रय पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि चाइनीज़ मांझे का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा इसका उपयोग आमजन के लिए गंभीर रूप से खतरनाक साबित हो सकता है। दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे केवल वैध एवं सुरक्षित मांझे का ही विक्रय करें। विदित है कि चाइनीज़ मांझे के उपयोग को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश पूर्व से लागू हैं और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिना अनुमति सरकारी अस्पताल में नेत्र शिविर आयुष्मान योजना में अनियमितता की आशंका

शहपुरा / डिंडौरी।

**जिले के शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना अधिकृत अनुमति निजी संस्थान द्वारा नेत्र शिविर आयोजित किए जाने का मामला सामने आया है।**





इस घटना को लेकर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच उपखंड अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा द्वारा की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को निजी संस्था सुखसागर मेडिकल हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा परिसर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। बताया जा रहा है कि शिविर के आयोजन के लिए न तो स्वास्थ्य विभाग की पूर्व अनुमति ली गई थी और न ही जिला प्रशासन की अधिकृत स्वीकृति प्राप्त थी, जिससे पूरा मामला संदेह के घेरे में आ गया है।

सूचना मिलने पर एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान शिविर से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दो व्यक्तियों को थाना ले जाकर पूछताछ की गई। एसडीएम द्वारा मामले की विस्तृत जांच स्वयं की जा रही है।शिविर को लेकर एक और महत्वपूर्ण पहलू यह सामने आया है कि प्रचार सामग्री, बैनर और पंपलेटों में सांसद, विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष की तस्वीरें लगी हुई थीं, जिससे स्थानीय लोगों में भ्रम की स्थिति बनी। अब यह भी जांच का विषय है कि जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें उनकी अनुमति से लगाई गई थीं या बिना अनुमति उपयोग कर प्रशासन एवं ग्रामीणों को भ्रमित करने का प्रयास किया गया।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जिस प्रकार से बिना अनुमति सरकारी स्वास्थ्य संस्था के परिसर में शिविर लगाया गया, वह गंभीर लापरवाही का मामला है। साथ ही यह भी जांच की आवश्यकता है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीजों के उपचार के नाम पर किसी प्रकार की वित्तीय या प्रक्रियागत गड़बड़ी तो नहीं की जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में शहपुरा क्षेत्र के राछो गांव के समीप एक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें ग्रामीणों को सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जबलपुर ले जाया जा रहा था। जांच में सामने आया था कि ग्रामीणों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर ले जाया गया था। दुर्घटना के बाद संबंधित संस्था द्वारा घायलों की जिम्मेदारी न लेने को लेकर भी सवाल उठे थे।स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि क्षेत्र में निजी अस्पतालों से जुड़े दलाल सक्रिय हैं, जो ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड और समग्र आईडी लेकर उन्हें जबलपुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराते हैं। इन मामलों में आयुष्मान योजना के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।पूरे प्रकरण को देखते हुए प्रशासन से मांग की जा रही है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### जल सुरक्षा और शुद्ध पेयजल की दिशा में राज्य सरकार की ऐतिहासिक पहल

**डिंडौरी।** प्रदेश में जल सुरक्षा, जल संरक्षण और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 जनवरी 2026 से "स्वच्छ जल अभियान" का शुभारंभ किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किया गया यह अभियान आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक व्यापक, तकनीक आधारित और दूरगामी पहल माना जा रहा है।अभियान के तहत पेयजल से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए "जल सुनवाई" की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे नागरिक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। शासन का फोकस जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने पर भी रखा गया है।

### सामुदायिक भवन का निर्माण वन ग्राम राम्हेपुर में ही कराने की मांग



**डिंडौरी।** जनपद डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सारसताल के पोषक वन ग्राम राम्हेपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराने की मांग को लेकर सरपंच समेत ग्राम वासियों द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया गया है। आवेदन में ग्राम वासियों ने बतलाया कि ग्राम पंचायत सारसताल में राज्य वित्त आयोग मद से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं जिसका निर्माण ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों के द्वारा वन ग्राम राम्हेपुर में कराये जाने का निर्णय लिया गया है लेकिन ग्राम पंचायत मुख्यालय के ग्रामीण और ग्राम पंचायत के कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्माण कार्य को लेकर आपत्ति दर्ज की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। मांग के अनुसार पोषक ग्राम वन ग्राम राम्हेपुर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम है। वन ग्राम में बैगा जनजाति की बसाहट 90 प्रतिशत है, जंहा बैठने एवं चैपाल लगाने की कोई व्यवस्था नही है। आंगनवाड़ी के बच्चों एवं प्राथमिक शाला के बच्चों के लिये वर्षा के मौसम में स्कूल बंद करना पड़ जाता है। ग्रामवासियों ने बतलाया कि 12 जुलाई 2025 को कलेक्टर द्वारा बैगा बाहुल्य वन ग्राम राम्हेपुर के भ्रमण के दौरान भी शाला भवन के अंदर सभी कमरों में लबालब पानी भरा हुआ देखा गया है। उस समय कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया था कि कोई भी भवन को स्वीकृति कराते हुए ग्राम राम्हेपुर में भवन बनाया जाना अति आवश्यक है। पानी की स्थिति शाला भवन के अंदर देखते हुए ग्रामीणों के साथ संवाद और बैठक नहीं हो सकी है। ग्राम वासियों द्वारा मांग की गई है कि उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुये सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को वन ग्राम राम्हेपुर में ही बनाने की अनुमति दी जाए। आवेदन देने के दौरान सरपंच राजेश परस्ते समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संबंध में मण्डल द्वारा समस्त शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालयों एवं डी.पी.एस.ई. प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी किए गए हैं।मण्डल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा 2026 का कार्यक्रम पूर्ववत रहेगा, जबकि हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के कुछ विषयों की तिथियों में परिवर्तन किया गया है।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में हिन्दी (उर्दू/मराठी हिन्दी सहित) विषय, जो पूर्व में 11 फरवरी 2026 को प्रस्तावित था, अब 6 मार्च 2026 (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा की तिथियों में भी आंशिक संशोधन करते हुए परीक्षाएँ 6 मार्च 2026 (शुक्रवार) एवं 7 मार्च 2026 (शनिवार) को आयोजित की जाएंगी। मण्डल ने विद्यालयों को निर्देशित किया है कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को शाला के बाहर नोटिस बोर्ड पर ऐसे स्थान पर चस्पा किया जाए, जहां परीक्षार्थी एवं अभिभावक आसानी से देख सकें। साथ ही कक्षा अध्यापक यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों को उनके विषय, प्रश्न पत्र, तिथि, दिवस एवं समय की पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध हो।मण्डल द्वारा संचालित समस्त परीक्षाएँ प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक आयोजित होंगी।

# साप्ताहिक जनसुनवाई में 72 आवेदनों पर हुई सुनवाई, त्वरित निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में समय-सीमा तय करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, कार्यपालन यंत्री आरईएस ललित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत झनकी वनग्राम पांडपुर निवासी मोहन सिंह बैगा ने किसान सम्मान निधि की राशि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की चौथी किस्त दिलाए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने उनसे पारिवारिक व आवासीय स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। किसान सम्मान निधि प्रकरण के निराकरण हेतु संबंधित विभाग को तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की चौथी किस्त के भुगतान के लिए सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया गया।कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत ने जनपद सीईओ करंजिया एवं एसडीओ आरईएस को हितग्राही को चौथी किस्त का भुगतान सुनिश्चित कराते हुए एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने मोहन सिंह बैगा से संपर्क के लिए मोबाइल नंबर मांगा, किंतु मोबाइल रिचार्ज न होने के कारण वे नंबर नहीं बता सके। इस पर कलेक्टर ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मोबाइल रिचार्ज करवाया। साथ ही ठंड को देखते हुए उन्हें कंबल एवं स्वेटर भी प्रदान किए और आवश्यकता पड़ने पर सीधे संपर्क करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान मोहन सिंह बैगा ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बांसुरी भी बजाई, जिससे उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी मंत्रमुग्ध हो गए।आवेदक जिया लाल धुर्वे ने खरमेर मध्यम परियोजना अण्डई डुंगरिया में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। वहीं ग्राम चटुआ से बिछिया तक अधूरे ग्रेवल रोड के कारण हो रही परेशानी को लेकर ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।ग्राम घानामार निवासी राजकुमार बैगा ने अपने घर में विद्युत कनेक्शन लगाए जाने का आवेदन दिया, जिस पर विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 7, रहली मोहल्ला निवासी दयाशंकर बछलहा ने मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत मेन लाइन को शिफ्ट कराने की मांग की, जिस पर विद्युत अधिकारियों को समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण करते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी।

## दो चरणों में संचालित होगा अभियान

**डिंडौरी ।** स्वच्छ जल अभियान को दो चरणों में लागू किया जाएगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक तथा द्वितीय चरण 1 मार्च से 31 मई 2026 तक संचालित होगा।अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में जल शोधन संयंत्रों एवं पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई, जीआईएस मैप आधारित एप के माध्यम से निगरानी, तथा पेयजल पाइपलाइन में दूषित जल के मिश्रण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। जीआईएस तकनीक से पेयजल और सीवेज पाइपलाइन की मैपिंग कर इंटर पॉइंट की पहचान की जाएगी, वहीं रोबोट के माध्यम से लीकेज की जांच भी की जाएगी।इसके साथ ही सभी पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की नियमित जांच, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की सतत निगरानी तथा अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपायों के जरिए नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है।अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को "जल सुनवाई" आयोजित की जाएगी। पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर विशेष व्यवस्था की गई है। प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण कर संबंधित आवेदक को अवगत कराया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घर-घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना शासन और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग, जल गुणवत्ता की सतत जांच, दूषित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था तथा किसी भी परिस्थिति में दूषित पेयजल की आपूर्ति न होने को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ इसे अवसर में बदलते हुए प्रदेश को देश के लिए एक आदर्श बनाया जाएगा।स्वच्छ जल अभियान के तहत जनपद पंचायत बजाग सहित उसकी सभी 46 ग्राम पंचायतों में "जल सुनवाई" एवं "संकल्प से समाधान" अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंच, सचिव और संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।इस अवसर पर ग्रामीणों ने पेयजल से जुड़ी समस्याओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को सामने रखा, जिन पर मौके पर ही संज्ञान लेते हुए निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, जल संरक्षण और जल गुणवत्ता की नियमित जांच के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जल सुनवाई के जरिए पेयजल संबंधी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, जबकि "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन में झूठा प्रतिवेदन शिकायतें बिना जांच फोर्स क्लोज

फोटो 8

**डिंडौरी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा धनुवासागर मुख्य मार्ग से सीएम राइज स्कूल तक कराए गए सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद पंचायत डिंडौरी क्षेत्र क्रमांक 17 के जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं, सीएम हेल्पलाइन में झूठा प्रतिवेदन देने तथा शिकायतों को बिना जांच के बंद किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जनपद सदस्य ने बताया कि निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क की गिट्टी उखड़ गई हैं। और सीसी सड़क के दोनों ओर मुरूम का साइड सोल्डर कार्य नहीं किया गया, जो तकनीकी मानकों की खुली अवहेलना है। यह मार्ग स्कूल जाने वाले बच्चों और किसानों के लिए दैनिक आवागमन का प्रमुख रास्ता है, जिससे जर्जर सड़क के कारण छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

### बिना स्थल निरीक्षण के शिकायत बंद करने का आरोप

घटिया निर्माण को लेकर जनपद सदस्य द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने बिना स्थल निरीक्षण, बिना संपर्क और बिना वास्तविक जांच के शिकायत को फोर्स क्लोज कर दिया। जनपद सदस्य ने इसे मुख्यमंत्री की जनहितकारी योजना को बदनाम करने वाला कृत्य बताया। शिकायत बंद होने के बाद जब जनपद सदस्य ने संबंधित एसडीओ से संपर्क किया, तो उन्होंने बात सुने बिना फोन काट दिया और इसके बाद किसी भी प्रकार का संवाद नहीं किया। जनपद सदस्य का कहना है कि यह रवैया एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र की जनता के प्रति अत्यंत अपमानजनक है।इस मामले में कार्यपालन यंत्री एमएस धुर्वे ने सड़क की गुणवत्ता को सही बताते हुए कहा कि सड़क परफॉर्मेंस गारंटी में है और खराब होने पर मरम्मत कराई जाएगी। जनपद सदस्य ने इसे ठेकेदार के पक्ष में दिया गया बयान बताते हुए कहा कि अधिकारी शासन की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे हैं।जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने कलेक्टर से मांग की है कि सड़क निर्माण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए,

# शहपुरा में झारिया मेहरा समाज का भव्य आयोजन, मार्गदर्शिका का विमोचन

शहपुरा ।झारिया (मेहरा)



युवा संघ मध्यप्रदेश द्वारा रविवार को शहपुरा में समाज की वार्षिक पत्रिका मार्गदर्शिका के दशम संस्करण तथा सामाजिक कैलेंडर–2026 का विमोचन एवं वार्षिक मिलन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत कबीरदास एवं माँ भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।पत्रिका के संपादक एस.के. मेहरा ने कहा कि मार्गदर्शिका समाज की चेतना, संघर्ष, संस्कृति और उपलब्धियों को संजोने का माध्यम है। पत्रिका में समाज की गतिविधियों, धर्मशालाओं की जानकारी, युवक-युवतियों का परिचय तथा समाज के इतिहास और योगदान को समाहित किया गया है। सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया। इस दौरान दहेज प्रथा, नशाखोरी और सामाजिक कुरीतियों पर नियंत्रण, युवाओं के लिए करियर मार्गदर्शन तथा महिलाओं की शिक्षा और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।कार्यक्रम के दौरान सौरभ झारिया को पत्रिका के नए संपादक का दायित्व सौंपा गया। वहीं प्रकाश झारिया को नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष, मुकेश झारिया को डिंडोरी जिला अध्यक्ष तथा अंकित झारिया को शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।आयोजन में समाज के संरक्षक, प्रांतीय पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। मंच संचालन नेतराम झारिया (कुंडम) एवं अखिलेश झारिया (शहपुरा) द्वारा किया गया।समारोह झारिया मेहरा समाज की एकता, संगठनात्मक शक्ति और सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।

# जलाशय का अस्तित्व संकट में, नगर परिषद अध्यक्ष पर अतिक्रमण के गंभीर आरोप

डिंडौरी।



एक ओर शासन-प्रशासन जल संरक्षण और जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है, वहीं जिला मुख्यालय के पुरानी डिंडोरी क्षेत्र में स्थित एक विशाल जलाशय आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष करता नजर आ रहा है। जानकारों के अनुसार कभी कई एकड़ में फैला यह जलाशय अब लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण सिमटकर मात्र एक छोटे तालाब के रूप में रह गया है।बताया जा रहा है कि जलाशय के किनारों और नहर क्षेत्र में वर्षों से अवैध कब्जे होते चले आ रहे हैं। आरोप है कि भूमाफियाओं द्वारा जलाशय की भूमि पर कब्जा कर पक्के मकान और दुकानें बना ली गई हैं। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर आरोप नगर परिषद डिंडौरी की अध्यक्ष सुनीता सारस के आलीशान भवन को लेकर सामने आए हैं। शिकायत में कहा गया है कि यह भवन जलाशय की भूमि पर ही निर्मित कराया गया है।

युवा समाजसेवी रोहित कांसकार ने मामले को लेकर जिला प्रशासन के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के तहत छोटे जलाशयों से 30 मीटर और बड़े जलाशयों से 60 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद जलाशय से सटाकर बड़े पैमाने पर निर्माण कराए गए हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजनीतिक प्रभाव के चलते जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। इस मुद्दे पर डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने भी प्रदेश सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।वहीं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.के. शर्मा ने जलाशय की भूमि पर अवैध कब्जे की बात स्वीकार की है, हालांकि कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने केवल जांच का आश्वासन देकर फिलहाल कोई ठोस कदम उठाने से परहेज किया है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में कब और क्या कार्रवाई करता है।

## खबर संक्षेप

### घनश्याम का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिये चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र घनश्याम यादव का तेलंगाना में आयोजित 58 वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिये मध्य प्रदेश टीम में चयन हुआ है। घनश्याम एक मात्र खिलाड़ी है जिन्होंने इस प्रतियोगिता में स्थान बनाकर जिला, प्रदेश व माता-पिता, खेल प्रतिभा को निखारने वाले खेल प्रशिक्षकों को भी गौरवान्वित किया है। छात्र की सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### एसएल दुबे का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर रेवा नगर निवासी डाइट के पूर्व प्राचार्य एस एल दुबे का 87 वर्ष की आयु मे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। आप एसडीएम पीयूष दुबे व मनीष दुबे के पिताजी थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय नकटुआ मुक्तिधाम मे किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### डोंगरगांव नर्मदा स्कूल मे सूर्य नमस्कार का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय माध्यमिक शाला डोंगगांव नर्मदा प्रांगण में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण व सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

# आयुष्मान योजना गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षाः मंत्री श्री पटेल






**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार अपने दायित्व निभाती है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाएं ऐसी चुनौती हैं जिसे सरकार अकेले पूरा नहीं कर सकती। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने और मानवता की सेवा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने राह-वीर योजना शुरू की है। इसके तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जान की कीमत पैसों से नहीं होती, लेकिन यह पहल लोगों को जीवन बचाने के लिए आगे आने की प्रेरणा देती है। यह बात मंत्री श्री पटेल ने करेली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुआतला में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

### गरीब और पात्र लोगों को निःशुल्क इलाज

मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने 306.80 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया तथा 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अब बीमारियां केवल स्थानीय स्तर की नहीं रहीं, बल्कि नई बीमारियां बाहर से भी आ रही हैं, ऐसे में हमें खुद को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक और मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना के तहत गरीब एवं पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिल सके।

### दानशीलता जिम्मेदारी को करती है पूरा

मंत्री श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना काल के दौरान अनेक लोगों एवं संस्थाओं ने आगे बढ़कर मदद की, जो मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है। दानशीलता का भाव ही हमारे धर्म और कर्तव्य को पूर्ण करने का अवसर देता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के संदेश उठो, जागो और संकल्प पूरा करो का उल्लेख करते हुए युवाओं से स्वास्थ्य, खेल और चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की अपील भी की। कार्यक्रम में विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, सीएमएचओ डॉ. मनीष मिश्रा, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### भूमि दानदाता धनीराम पटेल का सम्मान

कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए लगभग एक एकड़ भूमि दान देने वाले धनीराम पटेल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि समाज हित में किया गया यह योगदान प्रेरणादायी है। उनके द्वारा दिए गए दान की प्रसंशा करते हुए सामाजिक जीवन की जिम्मेदारी बताया।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश के साथ- साथ जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान ग्राम विकास पखवाड़े के रूप में 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक मप्र जनअभियान परिषद के तत्वाधान में चलाया जाएगा। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में बुधवार को हुआ। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के कार्यक्रम के साथ किया गया। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने, योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से ग्राम चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान एवं पारिवारिक संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशा मुक्ति एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यह अभियान 26 जनवरी तक जिले के विकासखंड, सेक्टर, ग्राम पंचायत तक निरंतर चलाया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, सुनील कोठारी, महंत बालकदास जी महाराज, स्वामी अमृतानंद जी महाराज, निरंजर गंगाधर पालिमांकार जी महाराज, पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के प्राचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सुनील कोठारी ने स्वदेशी संकल्प तथा जालम सिंह पटेल ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में आम एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया।

## नवजात शिशुओं एवं माताओं को बांटे गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलार महिला मंडल द्वारा ठंड एवं शीत लहर से बचाव हेतु जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नन्हे मुन्हें नवजात शिशुओं को गर्म स्वेटर एवं उनकी माताओं को गर्म मोजे का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय के उपस्थित डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा महिला मंडल को आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलार महिला मंडल के सदस्यों एवं चिकित्सालय के डॉक्टर एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## मंकर संक्राति आज नर्मदा के सभी घाटों पर रहेगी पुलिस के पुख्ता इंतजाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आज संपूर्ण जिले मे मकर संक्राति का त्यौहार मनाया जावेगा। नर्मदा के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। नर्मदा घाटों पर मेले का आयोजन होगा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मां नर्मदा के सभी घाटों पर पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित की गई। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई। सुरक्षा की दृष्टि से



कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है 24 घंटे निगरानी की जावेगी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए नर्मदा घाटों एवं मेला क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील घाटों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा गोताखोरों एवं एसडीआरएफ दल को भी अलर्ट पर रखा गया है। मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहाँ से लगातार निगरानी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की अलग से तैनाती की गई है।

## बगासपुर में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक संपन्न



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगासपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में टूर्नामेंट से जुड़े आवश्यक निर्णय लिए गए।आयोजन समिति के संरक्षक प्रेमशंकर पटेल ने बताया कि वर्ष 2017 से सरदार वल्लभ भाई पटेल मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जनवरी से होगी। विजेता टीम को 91 हजार से 1 लाख रुपये तक तथा उपविजेता टीम को 45 हजार से 51 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि दी जाएगी।बैठक में सर्वसम्मति से युवा समिति के अध्यक्ष पद पर शुभम पटेल को पुनः नियुक्त किया गया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 4100 रुपये निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया कि सभी टीमें निर्धारित नियमों का पालन करेंगी तथा अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।उक्त बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, ग्राम सुकरी में कलश यात्रा संपन्न



ग्राम सुकरी में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा एवं प्रथम दिवस के आयोजन के साथ 12/01/2026 को श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। प्रातःकाल महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे ग्राम को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।कथा का वाचन कथा व्यास श्री पंडित श्री रामनरेश शास्त्री जी (मेडवानी, देवरी) द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महत्ता बताते हुए भक्ति, सत्संग और धर्ममय जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।पूजन-पाठ का कार्य पंडित गौरव शास्त्री जी एवं सत्यम तिवारी जी द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस धार्मिक आयोजन के यजमान श्री हेमराज जी एवं लक्ष्मी बाई लोधी हैं।चौबाराम का दायित्व फूलमती ठाकुर ने निभाया, वहीं पुराण वाचन का सौभाग्य वर्षा यादव को प्राप्त हुआ।कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भजनों, मंत्रोच्चार और जयघोष से पूरा परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। साप्ताहिक कथा के आगामी दिनों में विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।

## भगवान हर भक्त की रक्षा करते हैं, चाहे वह किसी भी कुल में जन्मा हो-पंडित पीयूष तिवारी



### *श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई गई*

**गोटेगांव।** तहसील अंतर्गत ग्राम श्रीनगर के पावर हाउस के पास राजपूत परिवार के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है जिसके कथा व्यास पंडित पीयूष तिवारी है श्री तिवारी की है यह प्रथम श्रीमद् भागवत कथा है। कृतिशेष ग्राम गुरुजी पंडित संतोष कुमार तिवारी जी के सुपुत्र है पीयूष तिवारी के मुखारविंद से तीसरे दिवस भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई गई कथा व्यास श्री तिवारी ने बताया कि किस तरह भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए भगवान ने बार-बार सहायता की भक्त प्रह्लाद की कथा भगवान विष्णु के प्रति उनकी अटूट भक्ति और उनके दुष्ट पिता हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से जुड़ी है, जिसमें हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को मारने के कई प्रयास किए, लेकिन हर बार भगवान ने उन्हें नरसिंह अवतार लेकर बचाया, अंत में नरसिंह भगवान ने हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त की रक्षा की, जो यह दर्शाता है कि भगवान हर भक्त की रक्षा करते हैं, चाहे वह किसी भी कुल में जन्मा हो। प्रह्लाद का जन्म असुर राजा हिरण्यकश्यप और कयाधु के घर हुआ था, लेकिन माता कयाधु के गर्भ में रहते हुए ही नारद जी से भगवान विष्णु की कथाएँ सुनकर वे भगवान के परम भक्त बन गए।हिरण्यकश्यप स्वयं को ईश्वर मानता था और भगवान विष्णु का शत्रु था। उसने प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति छोड़ने के लिए बहुत सताया, लेकिन प्रह्लाद अडिग रहे।

### हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को कई तरीकों से मारने की कोशिश की,

अंत में हिरण्यकश्यप ने क्रोध में एक खम्भे को तोड़ा, और भगवान विष्णु ने नरसिंह (आधा शेर, आधा मनुष्य) रूप में प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया, क्योंकि ब्रह्माजी के वरदान (न दिन में, न रात में, न घर के अंदर, न बाहर, न किसी शस्त्र से, न किसी अस्त्र से, न मनुष्य से, न पशु से) का पालन करते हुए भगवान ने उसका वध किया।यह कथा सिखाती है कि सच्ची भक्ति हर बाधा को पार कर सकती है और भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं, मनुष्य को बचपन से ही ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए भागवत कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी भक्तजन शामिल हुए और कथा का श्रवण कर रहे हैं। आज भगवान श्री कृष्ण का जन्म की कथा सुनाई जाएगी एवं भव्य झांकी भी निकाली जाएगी एवं महाप्रसाद में विश्वार के लड्डू बांटे जाएंगे एवं परमहंसी गंगा आश्रम से ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज भी कथा पहुंचेंगे एवं अपने आशीर्वाद वचन प्रदान करेंगे।

## मकर संक्रांति पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़





### जगह जगह लगेंगे मेले

**तेंदूखेड़ा।** मकर संक्रांति पर स्नान पुण्य दान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंच कर स्नान पूजन अर्चन किया करते हैं। वहीं आज और कल बुडकी के मुहुर्त में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में नर्मदा नदी के पावन तट पर मकर संक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। तथा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिल्थारी करोंदी बारह ककरा घाटों पर मेलों का आयोजन होगा। पीपर पानी पान की पहाड़ी मृगन्नाथ धाम में भी मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कुंड में स्नान कर पूजन अर्चन किया करते हैं। तथा मेले में भ्रमण कर आनंद लुप्त उठाते हैं।

लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहुत से घाटों पर उचित व्यवस्था ना होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हुआ करती है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।

### *ककरा घाट पर पड़ता है भारी दबाव*

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां पर बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।मकर संक्रांति पर बृहद पर भंडारों का आयोजन हुआ करता है।

### *भारी बाहनों की आवाजाही पर रोक लगे*

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुनः वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन मकर संक्रांति के अवसर श्रद्धालु बड़ी संख्या में अपने अपने बाहनों से आवागमन करते हैं।भरने वाले मेलों का आनंद लाभ उठाते हैं।सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### *घाटों पर जगह जगह लगते हैं मेले*

कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तटों पर दो दिन पूर्व से एक सप्ताह तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर लगने वाले मेले में अपनी अपनी दुकानें लगाया करते हैं। बाहर से आने वाले क्षेत्रों के ग्रामीण जन स्नान पूजन कर यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं और मेले में जरुरी रोजमर्रा की सामग्री को भी खरीदा करतें हैं।लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है। इसलिए आवश्यक है कि इन घाटों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें।